combat this disease, have complained that the medicine is not available Therefore, I would like to know what steps the Government have taken in regard to indigenous manufacture and distribution of this essential drug. Andhra Pradesh, Tamil Nadu, and Orissa have got the maximum number of lepers. This disease is spreading to the cities also.

SHRI P. SHIV SHANKAR: On the quesion of manufacture of this particular drug, I had submitted earlier that the additional capacity has been licenced and certain of the concerns have registeed themselves with the D.G.T.D. In respect of certain concerns, letters of intent have already been issued. If the hon. Member would like to have the list, I can give. M/s. Bengal Chemicals and Pharmaceuticals Ltd., which is a public sector undertaking has the annual capacity of 15,000 Kgs. and M/s. Burroughs wellcome have a licenced capacity of 28,000 Kgs. per annum. This is the capacity of these two concerns. In regard to production, as I said Astra IDL has been given the letter of intent and the production has already started and the position would be known after 1982-83. So far as the indigenous production of this drugs is concerned, there is going to be sufficient quantity in conformity with the demands in this country. We need not be unduly apprehensive about the availability of this drug on the basis of indigenous production after 1982-83. A question was asked with reference to marketing. There are different agencies and they are partly looked after by the Health Ministry. In the ultimate analysis, once the production is self-sufficient, I doubt whether we could say that the availability would be less. The distribution of the formulation through the Government is for the Government hospitals and through the commercial channels by the producers. That is the marketing aspect of it.

**Setting up of Road Network Connecting several Towns with Medium Transmitters**

* 530. SHRIMATI MADHURI SINGH: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) Whether it is a fact that the international telecommunications union has approved the setting up of a radio network connecting several towns with medium transmitters;

(b) if so, the details thereof; and

(c) The decision taken by Government thereon and the time when the scheme would be implemented?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI ARIF MOHAMMAD KHAN): (a) Yes Sir.

(b) The Regional Administrative LF|MF Conference of ITU, held at Geneva in 1975, had evolved a plan for utilisation of medium frequency band by various countries, fixing the frequencies and Powers of operation. India too has been allotted 780 channels for day time operation at various places in the country, out of which 500 channels have been authorised for night time operation also.

(c) The validity period of the ITU Plan expires in November, 1989. As the total investment on this would be very large, it has been decided by the Govt. to implement the plan in phases. In the 6th Plan period (1980—85), proposals to upgrade the power of transmitters at 12 centres and also to set up 12 new stations have been approved for implementation.

**श्रीमती माधुरी सिंह :** क्या मंत्री महोदय यह बताने का कष्ट करेंगे कि इस स्कीम के अन्तर्गत एक केन्द्र को चालू करने में कितनी धनराशि खर्च करनी होगी और इस स्कीम के लिए 1982—83 में सरकार ने कितनी धनराशि जारी की है और क्या चयनित धनराशि पूरी आवश्यकता की पूर्ति कर

सकेगी ? यदि नहीं, तो क्या मंत्री महोदय अन्य स्रोत से इसकी पूर्ति करेंगे, जिस में विदेशी सहायता भी सम्मिलित होगी ?

**सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री वसन्त साठे) :** अध्यक्ष जी एक केन्द्र के लिए कितना खर्चा होता है, यह उसकी शक्ति पर निर्भर करता है। एक किलोवाट के केन्द्र पर 20 से 25 लाख रुपये और दस किलोवाट के केन्द्र पर 40 से 50 लाख रुपये का खर्चा होता है। इस से भी अगर ज्यादा बढ़ाते जाएं तो करोड़-डेढ़ करोड़ रुपये का खर्चा होता है।

छठी पंचवर्षीय योजना में जो हमारा प्रावधान है, जैसा कि अभी मैंने एक सवाल के जवाब में कहा भी है कि 12 स्टेशंस को शक्तिशाली बनाने की योजना है। करीबन 12 जगह नये स्टेशंस खोले जाएंगे ईटानगर में 100 के० डब्ल्यु० का, तुरा में 20 के० डब्ल्यु० का, गेंगटोक में 20, मदुराई में 10, आगरा में 10, जमशेदपुर में 1, दिप्पु में 1, आदिलाबाद में 1, क्योंझर में 1, शोलापुर में 1 नागरकोयल में 1 के० डब्ल्यू० का। जहां तक खर्चे की सारी बात हैं, इण्टरनेशनल ट्रेड यूनियन ने हमको 780 का प्रावधान क्लियर किया है। हम अपने खर्चे के मुताबिक 125 कर पाये हैं, बाकी के जो बचे हैं, उनके लिए प्लान में प्रावधान मिले तो हम तैयार हैं कि बाकी के भी किये जाएं। अब यह सरकार और सदन कर सकता है।

**श्रीमती माधुरी सिंह :** क्या मंत्री महोदय, यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि अभी तक यह स्कीम किसी भी जगह पर देश में लागू की गई है अथवा नहीं ? क्या सरकार इस स्कीम को तत्काल लागू करने के लिए कोई कदम उठा रही है ताकि जन जागृति आ सके ?

**श्री वसन्त साठे :** अभी मैंने बताया कि यह जो स्कीम छठी योजना में चालू की गई है, वे प्रोसेस में हैं।

**श्रीमती माधुरी सिंह :** क्या मंत्री महोदय, यह भी बतायेंगे कि सरकार जिला तथा हेडक्वार्टर स्तर पर रेडियो स्टेशन खोलने का कोई विचार कर रही है ?

**श्री वसन्त साठे :** अब जिले तो बहुत हैं। हर जिले में फण्ड्स और साधनों की कमी के कारण नहीं हो सकता है।

**श्री कमला मिश्र मधुकर :** उत्तर पूर्वी बिहार के क्षेत्र में दस के० डब्ल्यू० के दस दूर संचार केन्द्र खोलने का आप से पहले मंत्री जी ने आश्वासन दिया था। उस क्षेत्र में मोतीहारी और रक्सौल, नेपाल और चीन के बोर्डर पर है। क्या आप कहां 10 के0 डब्ल्यू0 के प्रसारण केन्द्र खोलने जा रहे हैं ?

**श्री वसन्त साठे :** अध्यक्ष महोदय, मुझे खेद है कि न तो रक्सौल और न मोतीहारी इस लिस्ट में हैं। ये इस लिस्ट में नहीं दिखायी पड़ते हैं।

SHRI KRISHNA CHANDRA HALDER: Before I put my supplementary, through you, Sir, I would like to infrom the House that the Supreme Court has rejected the petition of Ashok Sen and Company in the West Bengal electoral rolls case.

The hon. Minister has mentioned about the 12 stations which are going to be opened within the 6th Plan period. But there is no mention of Durgapur. It is within the industrial area. Therefore, you should consider it.

My second Supplementary is that from Delhi we cannot hear the Ber-

gali news broadcast from Calcutta. As you have said that you are going to strengthen different radio centres, I would like to know whether you are going to strengthen the Calcutta radio station also, so that we can hear the programmes of All India Radio, Calcutta, in the morning, noon and in the night in Delhi.

SHRI VASANT SATHE: Sir, I talked about the medium wave stations. Even if you make the medium wave stations powerfull, they can be heard clearly only at a shorter distance. It is only when you have short-wave stations, which skip and jump and go on the wave over a larger area, it is clear over a distant place. For example, if you want to hear in Delhi, the Calcutta Radio station, then Calcutta on short-wave alone it will be possible to hear in Delhi clearly. India itself is a vast country. So, if you want to hear Calcutta in Delhi and vice versa, you will have to wait till we have more powerful stations.

**श्री जमीलुर्रहमान** : स्पीकर साहब, पिछले सवाल में बदन की बीमारी का तजकिरा था, इसमें मिजाज की बीमारी का तजकिरा होना चाहिये । इनफर्मेशन और ब्राडकास्टिन्ग मिनिस्ट्री की जिम्मेदारी बड़ी भारी है ।

**अध्यक्ष महोदय** : मैंने समझदारी है ।

**श्री जमीलुर्रहमान** : वह मैंने नहीं कहा । मैं यह अर्ज कर रहा था कि इनफरमेशन और ब्राडकास्टिन्ग की जिम्मेदारी मिनिस्ट्री की जिम्मेदारी बहुत भारी है और वह मुल्क के मिजाज को बनाती है । मैं आप के जरिये अर्ज करना चाहता हूं कि उत्तर पूर्वी हल्के, सहरसा, पूर्णिया और कटिहार से चाइना नेपाल और बंगलादेश का बार्डर लगता है ।

**अध्यक्ष महोदय** : सवाल करिये ।

**श्री जमीलुर्रहमान** : इस स्थति को मद्दे-नजर रखते हुये इन इलाकों में मुल्क के आइडियाज को प्रोजेक्ट करने के लिये पूर्णिया में एक रेडियो-स्टेशन कायम किया जाना चाहिये । बिहार की आबादी 6 करोड़ है और वहां पर मीडियम वेव के ट्रांसमीटर हैं ।

**अध्यक्ष महोदय** : लगता है आप जबाब नहीं लेना चाहते, क्योंकि समय खत्म हो रहा है ।

**श्री जमीलुर्रहमान** : मैं जानना चाहता हूं कि इन बातों को देखते हुये क्या आप पूर्णिया में एक रेडियो-स्टेशन कायम करेंगे, ताकि सारे लोगों को फायदा हो ?

**श्री वसन्त साठे** : अध्यक्ष महोदय, जहां तक बिहार का सवाल है, अन्य राज्यों के मुताबिक बिहार में रांची और पटना दोनों जगह 100-100 किलोवाट के दो बड़े स्टेशन पावरफुल करने का प्रावधान किया गया है । मेरे ख्याल में और गुंजाइश पूर्णिया नगर के लिये अभी नहीं है ।

MR. SPEAKER: Sir, R.L.P. Verma. He is absent. Sir Satyagopal Misra.

SHRI SATYAGOPAL MISRA: Question No. 532.

MR. SPEAKER: Question Hour is over.